


क्रिकेटर से कॉमेंटेटर बने रमीज राजा ने कहा, जब मैं पहली बार गावसकर से मिला तो वह मुझे गॉड की तरह लगे। मैं शॉर्ट लेग पर खड़ा था। इमरान खान, सुनील गावसकर को आउट करने की भरपूर कोशिश कर रहे थे। गावसकर ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को छोड़ रहे थे और सही गेंद का इंतजार कर रहे थे। रमीज बोले– इमरान ने तब बताया था, गावसकर इनस्विंग बॉल को भी आसानी से सीमा रेखा के बाहर पहुंचा रहे थे। जवाब में इमरान नाराज हो रहे थे। इसके बावजूद वह मुझे गावसकर से सीखने को कह रहे थे।

## इमरान खान ने मुझे कहा था गावसकर से सीखो बैटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच खेल के मैदान पर प्रतिद्वंद्विता हमेशा ही चरम पर रही है। दोनों देशों के खिलाड़ी एक–दूसरे को पर हावी होने के लिए पूरी जी जान लगा देते हैं। लेकिन जब विरोधी टीम के खिलाड़ी एक–दूसरे के खेल की प्रशंसा करते हैं, तब बात का अलग ही प्रभाव दिखाई देता है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान भी सुनील गावसकर की बैटिंग के जबरदस्त प्रशंसक थे। उन्होंने तब अपनी टीम के युवा ओपनर रमीज राजा को दी सलाह दी थी कि वह गावसकर से बैटिंग सीखें। रमीज राजा ने स्पोर्ट्सकीड़ा को दिए एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया। राजा ने बताया कि यह बात 1986–87 की है। उन्होंने कहा, श्जब मैं पहली बार भारत दौरे पर पाकिस्तान टीम के साथ खेलने आया था। यह पहला मौका था, जब मैं दुनिया के सबसे बड़े बल्लेबाज को इतने करीब से खेलते हुए देख रहा था। यहां इमरान खान ने मुझे कहा कि मैं उन्हें खेलते हुए देखूं और उनसे सीखूं। यदि इमरान आपसे कहें कि वह दुनिया के बेस्ट बल्लेबाज हैं तो आप उन्हें गौर से देखते हैं।

# सचिन को गलत आउट देकर गहरी हुई उनसे दोस्ती


**क्रिकेट**

## टॉफेल 2007 के ट्रेंट ब्रिज टेस्ट में अंपायरिंग कर रहे थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया में सर्वाधिक शतक ठोकने वाले महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के कई शतक अंपायर के खराब निर्णय के चलते भी अधूरे रह गए। इंटरनैशनल क्रिकेट में 100 शतक जमाने वाले इस बल्लेबाज को कई बार तब अंपायरों के गलत निर्णय का शिकार होना पड़ा है, जब वह शतक के बेहद करीब 90 पर बल्लेबाजी कर रहे होते थे। ऐसी ही गलती दिग्गज अंपायर साइमन टॉफेल से इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए ट्रेंट ब्रिज (2007) टेस्ट में हुई। लेकिन टॉफेल कहते हैं उस गलती के बाद मैं और सचिन बहुत अच्छे दोस्त बन गए।

हाल ही में साइमन टॉफेल गौरव कपूर के मशहूर पॉडकास्ट प्रोग्राम 22 यार्न्स पोडकास्ट होस्टिड बाय गौरव कपूर शो में उपस्थित हुए। यहां उन्होंने बताया कि सचिन



तेंडुलकर को गलत आउट देने के बाद उनसे दोस्ती और गहरी हो गई।

टॉफेल 2007 के उस ट्रेंट ब्रिज टेस्ट में अंपायरिंग कर रहे थे। जब तेंडुलकर अपने शतक की ओर पहुंच रहे थे, तब पॉल कॉलिंगवुड की गेंद पर टॉफेल ने उन्हें आउट दे दिया। टीवी रिप्ले में साफ दिख रहा था कि वह गेंद ऑफ स्टंप से एक इंच दूर थी। टॉफेल ने कहा, अगली सुबह मैदान पर जाते हुए मैं सचिन के पास से निकल रहा था। मैं वहां सचिन के पास आया और उनसे कहा, देखो कल मैं गलत था, आपको पता है? मैंने इसे देखा और खुद को गलत पाया।

इसके बाद सचिन ने कहा, देखो साइमन, मुझे पता है आप एक अच्छे अंपायर हैं, आप अकसर गलतियां नहीं करते हैं, ठीक है अब इसे लेकर चिंता मत कीजिए। साइमन ने कहा, मैं अपनी गलती के लिए सचिन से माफी नहीं मांग रहा था कि इससे वह या मैं बेहतर महसूस करें। बस यह इसलिए था कि हम दोनों वहां अपना–अपना काम बेहतर कर रहे थे। मुझे मालूम है कि इस निर्णय से वह खुश नहीं थे और मैं उन्हें यह भरोसा दिलाना चाहता था यह दोबारा नहीं होगा।

उन्होंने कहा, इसके बाद हम दोनों की एक दूसरे के प्रति सम्मान बहुत बढ़ गया। मैंने सचिन को सिर्फ वहीं गलत आउट नहीं दिया। इसके बाद भी एक–दो मौकों पर ऐसी गलतियां हुईं। लेकिन इसके बावजूद हमारी एक दूसरे के प्रति विश्वास, सम्मान और हमारे रिश्तों में शुद्धता बनी रही।

# टीम इंडिया किट स्पॉन्सरः प्यूमा दौड़ में, एडिडास भी होगा शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जर्मनी की खेल सामान और फुटवियर निर्माता कंपनी प्यूमा भारतीय क्रिकेट टीम के किट प्रायोजन अधिकार खरीदने की दौड़ में सबसे आगे है, जबकि उसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनी एडिडास भी दौड़ में शामिल हो सकती है। इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है कि नाइके दोबारा बोली लगाएगा या नहीं। वह बीसीसीआई की कम बोली लगाने की पेशकश ठुकरा चुका है। नाइके ने 2016 से 2020 के लिए 370 करोड़ (प्लस 30 करोड़ रॉयल्टी) दिए थे। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, श्मैं इसकी पुष्टि करता हूं कि प्यूमा ने आईटीटी (निविदा आमंत्रण)




दस्तावेज खरीदे हैं, जिनकी कीमत एक लाख रुपये है। इसे खरीदने का मतलब हालांकि यह नहीं है कि वह बोली लगाने ही जा रहे हैं। प्यूमा ने बोली लगाने में वाकई दिलचस्पी दिखाई है। समझा जाता है कि एडिडास ने भी इसमें रुचि जताई है लेकिन अभी यह पता नहीं चल सका है कि वह प्रायोजन अधिकारी के लिए बोली लगाएगा या नहीं। कुछ का मानना है कि जर्मन कंपनी मर्केंडाइस उत्पादों के लिए स्वतंत्र रूप से बोली लगा सकती है, जिसके लिए अलग निविदा होगी। उत्पादों की बिक्री इस पर भी निर्भर करती है कि कंपनी के कितने एक्सक्लूसिव स्टोर या बिक्री केंद्र हैं।

प्यूमा के 350 से ज्यादा एक्सक्लूसिव स्टोर हैं, जबकि एडिडास के 450 से ज्यादा आउटलेट हैं। एक विशेषज्ञ ने कहा, अगर कोई नई कंपनी पांच साल के लिए करीब 200 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अधिकार खरीद लेती है तो कोई हैरानी नहीं होगी। यह नाइके द्वारा चुकाई गई पिछली रकम से काफी कम होगा। उन्होंने कहा, बोर्ड ने पहले नाइके को पेशकश की जो उसने ठुकरा दी।

## अगर दर्शक आ सकेंगे तो बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच एमसीजी में ही रहेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों के चलते उन्हें भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच को कहीं और स्थानांतरित करना है या नहीं, इस पर फैसला लेने के लिए उनके पास पर्याप्त समय है। विक्टोरिया इस समय कोविड–19 की जद में है और इसी कारण मेलबर्न दूसरे शहरों की अपेक्षा महामारी से निपटने में देश के बाकी शहरों से पीछे है। इसी कारण इस शहर के टूर्नामेंट्स की मेजबानी को लेकर संदेह है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉक्ले ने कहा, यह इस बात पर निर्भर है कि क्या एमसीजी में दर्शक आ सकते हैं, तो हम एमसीजी में खेलेंगे। इस समय जो पाबंदियां लगी हैं, हमें उम्मीद है कि वह जल्दी हटेंगी और स्थिति बेहतर होगी और लोग बाहर आ जा सकें और लाइव टूर्नामेंट्स की वापसी हो सके। उन्होंने कहा, हम बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच को लेकर पूरी तरह से तैयारी कर रहे हैं। इस उम्मीद के साथ की हम एक समय सामान्य स्थिति में पहुंच सकेंगे। यह ऑस्ट्रेलिया खेल कैलेंडर के सबसे अहम कार्यक्रमों में से एक है।

## न्यूज डायरी




### हम पाकिस्तान को हरा सकते हैंः क्रिस वोक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स का कहना है कि उनकी टीम ने पहले भी असंभव लगने वाली परिस्थितियों से निकलकर जीत दर्ज की है। उन्हें विश्वास है कि पाकिस्तान को पहले टेस्ट में हराने में वे कामयाब रहेंगे। पाकिस्तान के पास 244 रन की बढ़त हो गई है और ओल्ड ट्रेफर्ड में एक ही बार यह लक्ष्य हासिल किया जा सका है। इंग्लैंड ने पिछले साल हार की कगार पर पहुंचकर वर्ल्ड कप फाइनल और हेडिंग्ले टेस्ट जीता था। वोक्स ने बीबीसी स्पोर्ट्स से कहा, आप कई रेकॉर्ड और लक्ष्य हासिल करने के बारे में सुनेंगे लेकिन सभी रेकॉर्ड टूटते हैं। हमने ऐसे मैच भी जीते हैं, जिनमें हमें हारा हुआ माना जा रहा था। हम ऐसा फिर कर सकते हैं।

### खुद को इंडियन लुक में देखकर यूं खिलखिलाए डेविड वॉर्नर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एक भारतीय क्रिकेट फैन की क्रिएटिविटी देखकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर खूब खिलखिला कर हंस रहे हैं। दरअसल इस फैन ने वॉर्नर के चेहरे को किसी और की तस्वीर पर लगा दिया है। फोटो एडिटिंग के बाद ऐसा लग रहा है, जैसे वॉर्नर कहीं से मुर्गा जीतकर लाए हैं। उनके एक हाथ में बल्ला है तो दूसरे में मुर्गा। गणेश गाना नाम के शख्स ने डेविड वॉर्नर की यह तस्वीर अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की है। हाथ में बल्ला थामे वॉर्नर ने ब्लू जींस और मरून रंग की शर्ट पहनी हुई है। ऐसा लग रहा है, जैसे वह हाथ में मुर्गा पकड़े चल रहे हैं। इस शख्स ने इस तस्वीर पर कैप्शन में वॉर्नर को टैग करते हुए लिखा, डेविड भाई विल बी बैक (डेविड भाई लौटेंगे।) वॉर्नर ने इस तस्वीर को देखा तो उनकी हंसी नहीं रुकी। उन्होंने इसे रीट्वीट कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने लाफ्टर वाले 4 इमोजी भी यूज किए हैं। इसके अलावा वॉर्नर ने एक वीडियो भी शेयर किया है।

### कोरोना वायरस के कारण महिला टी20 वर्ल्ड कप एक साल के लिए स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। न्यूजीलैंड में अगले साल होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2021 को कोरोना वायरस महामारी के कारण फरवरी–मार्च 2022 तक के लिए स्थगित कर दिया है। साथ ही पुरुष टी20 विश्व कप को लेकर भी अहम फैसला लिया गया है। 2021 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप अब भारत में होगा, जबकि 2022 के टूर्नमेंट की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया करेगी। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि दुनिया भर में कोविड–19 के स्वास्थ्य, क्रिकेट और वाणिज्यिक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक आकस्मिक नियोजन अभ्यास के बाद आईबीसी (आईसीसी की वाणिज्यिक सहायक) द्वारा यह निर्णय लिया गया है। आईसीसी के कार्यकारी चेयरमैन इमरान ख्वाजा ने कहा, श्पिछले कुछ महीनों में जैसा कि हमने विचार किया है कि हम वैश्विक घटनाओं का मंचन कैसे कर सकते हैं, आईसीसी की घटनाओं में शामिल सभी लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा, बोर्ड ने आज जो फैसला लिया, वे खेल, हमारे भागीदारों और महत्वपूर्ण रूप से हमारे प्रशंसकों के हित में हैं।

### ब्रॉड, वोक्स और बेन स्टोक्स का धांसू धमाल, पाकिस्तान पर भारी पड़ रहा इंग्लैंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। पहली पारी में 107 रन से पिछड़ने के बाद तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ने दूसरी पारी में पाकिस्तान के आठ विकेट 137 रन पर निकालकर पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को इंग्लैंड को मैच में लौटाया। पाकिस्तान के पहली पारी के 326 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम 219 रन पर आउट हो गई जिससे मेहमान टीम को पहली पारी में 107 रन की बढ़त मिल गई। पाकिस्तान के लिए लेग स्पिनरों यासिर शाह ने चार और शादाब खान ने दो विकेट लिए लेकिन उसके बल्लेबाजों ने गेंदबाजों की मेहनत पर पानी फेर दिया। पाकिस्तान की दूसरी पारी इंग्लैंड के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने चरमरा गई। आठ विकेट 137 रन पर गंवा दिए और अब उसके पास कुल 244 रन की बढ़त है, जबकि दो दिन का खेल बाकी है।